आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 23.12.2024
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने भ्रष्टाचार और नशे के खिलाफ एकजुट होने की आवश्यकता पर बल दिया। कहा– भ्रष्टाचार से लड़ने के लिए इसकी श्रृंखला को तोड़ना बेहद ज़रूरी।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में सुविधाओं के विस्तार के लिए 188 करोड़ रुपए की विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।
- टिहरी में आयोजित चार दिवसीय इंटरनेशनल पैराग्लाइडिंग एक्रो और एसआईवी चैम्पियनशिप संपन्न।
- राज्य के ऊंचाई वाले हिस्सों में आज बर्फबारी का अनुमान।

राज्यपाल संबोधन

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने भ्रष्टाचार और नशे के खिलाफ एकजुट होने की आवश्यकता पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार, समाज की प्रगति और विकास में बाधक है, और इसकी श्रृंखला को तोड़ना बेहद जरूरी है। राज्यपाल दून विश्वविद्यालय में आयोजित ''गंगधारा, एक अविरल प्रवाह'' कार्यक्रम के समापन अवसर पर बोल रहे थे। राज्यपाल ने भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए नागरिकों को अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एआई और तकनीकी नवाचारों को अपनाकर हम अपने लक्ष्यों को तेजी से प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम से समाज के सामने स्थायी समाधान सामने आएंगे जो राज्य और राष्ट्र के विकास में सहायक सिद्ध होंगे। कार्यक्रम में केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने कह कि भारतीय संस्कृति समावेशी है जो ज्ञान और प्रज्ञा के संवर्धन के लिए जानी जाती है। इस दौरान उन्होंने महिलाओं की समान भागीदारी पर भी बल दिया।

लोकापर्ण और शिलान्यास

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून स्थित कनक चौक में कल 188 करोड़ रुपये की लागत से 74 योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इनमें एक सौ ग्यारह करोड़ रुपये की 36 योजनाओं का लोकार्पण और लगभग 77 करोड़ रुपये की 38 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। इस अवसर पर देहरादून में चार इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन और 2 ऑटोमेटेड पार्किंग की भी शुरुआत की गई।

इसके साथ ही बाल–भिक्षावृत्ति निवारण के लिए 3 रेस्क्यू और पुनर्वास वाहनों का फ्लैग ऑफ भी किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन योजनाओं से देहरादून और आसपास के क्षेत्रों में विकास की नई दिशा मिलने के साथ ही ट्रैफिक जाम जैसी समस्याओं से राहत मिलेगी।

नियुक्ति पत्र वितरण

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से 71 हजार से ज्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। देशभर से चुने गए नवनियुक्त युवाओं को गृह मंत्रालय, डाक विभाग, उच्चतर शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय तथा वित्तीय सेवाएं जैसे विभाग में नियुक्त किया जायेगा। यह मेला, रोजगार सृजन को शीर्ष प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। यह रोजगार मेला राष्ट्र निर्माण और स्वरोजगार में युवाओं को भागीदारी का अवसर प्रदान करेगा।

भेंट/चर्चा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास में विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक से भेंट की। इस दौरान हरिद्वार–ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर के आगामी 25 वर्षों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इसके विकास पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना में गंगा कॉरिडोर के क्षेत्र में आने वाले भवनों को ध्वस्त नहीं किया जाएगा और सौंदर्यीकरण कार्य बिना ध्वस्तीकरण के किए जांएगे। इसके साथ ही पौराणिक स्थलों के स्वरूप को भी बनाए रखा जाएगा।

उत्तराखंड– फिल्म डेस्टीनेशन

मुख्यमंत्री पुष्कर सिह धामी ने कहा है कि उत्तराखंड बड़े फिल्म शूटिंग डेस्टीनेशन के तौर पर उभर रहा है। देशभर से फिल्म निर्माता उत्तराखंड के प्राकृतिक सौंदर्य को देखकर राज्य में फिल्म शूटिंग के लिए आ रहें हैं। प्रदेश में फिल्मांकन की संभावनाओं को देखते हुए राज्य सरकार, इस दिशा में लगातार आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा उत्तराखण्ड की नई फिल्म नीति, राज्य में फिल्मों को बढ़ावा दे रही है। बॉलीवुड के साथ ही स्थानीय बोली–भाषाओं पर आधारित फिल्मों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। श्री धामी ने बताया कि हिन्दी औरं संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल भाषाओं की फिल्मों को राज्य में व्यय कुल धनराशि का 30 प्रतिशत या अधिकतम तीन करोड़ रुपए का अनुदान दिया जा रहा है।

टिहरी एक्रो महोत्सव संपन्न

टिहरी के कोटी कॉलोनी में आयोजित चार दिवसीय इंटरनेशनल पैराग्लाइडिंग एक्रो और एसआईवी चैम्पियनशिप का समापन हो गया है। इस प्रतियोगिता में 14 देशों और भारत के 75 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने प्रतापनगर और कुठा की पहाड़ियों से टेकऑफ किया और कोटी कलोनी में लैंडिंग की। इस दौरान, पैराग्लाइडिंग के खिलाड़ियों ने हवा में जबरदस्त कलाबाजियां दिखाईं। इंटरनेशनल एक्रो पैराग्लाइडिंग में फ्रांस के थियो डी बिलिक ने पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं, फ्रांस के होजो लामी ने दूसरा स्थान किया जबकि स्वीट्जरलैंड के पबेलो इबरहारदी तीसरे स्थान पर रहे।

इस अवसर पर जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने कहा कि टिहरी के कोटी कॉलोनी में इस अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन यह सिद्ध करता है कि भविष्य में टिहरी, वॉटर स्पोर्ट्स के साथ–साथ एरो स्पोर्ट्स के हब के रूप में विकसित होगा।

मौसम

राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में आज बर्फबारी का अनुमान है। साथ ही मैदानी हिस्सों में भी कहीं–कहीं हल्की बारिश की संभावना है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार तीन हजार मीटर और इससे अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी हो सकती है। इस बीच, राज्य के पहाड़ी अंचल में कई स्थानों पर रात के समय पाला पड़ने से कड़ाके की ठंड महसूस की जा रही है। शासन–प्रशासन की ओर से मुख्य स्थानों पर ठंड से बचने के लिए अलाव की व्यवस्था के साथ ही व्यापक स्तर पर रैन बसेरों का प्रबंध किया गया है।

द्विपक्षीय समझौता

भारत और कुवैत ने रक्षा सहयोग, सांस्कृतिक आदान–प्रदान और खेल सहयोग के क्षेत्र में कई द्विपक्षीय समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो दिन की कुवैत यात्रा के दौरान इन समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। कुवैत को अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन में सम्मिलित करने के लिए एक महत्वपूर्ण समझौते पर भी हस्ताक्षर किए गए। वार्ता के दौरान दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कुवैत के अमीर शेख मेशाल अल–अहमद अल–जाबिर अल सबाह के साथ बैठक भी की। उन्होंने औषध, सूचना प्रौद्योगिकी, फिनटेक, बुनियादी ढांचा और सुरक्षा जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की।

विद्युत लाइन भूमिकरण

देहरादून शहर में विद्युत लाइनों को भूमिगत करने का कार्य तेजी से हो रहा है। इस परियोजना के तहत 870 किलोमीटर बिजली की लाइनों को भूमिगत किया जाएगा, जिससे बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता में सुधार होगा। भूमिगत लाइनों के कारण दुर्घटनाओं का जोखिम भी कम होगा और पर्यावरणीय लाभ भी मिलेगा। साथ ही, इससे शहर के मुख्य इलाकों में सौंदर्यकरण में भी सुधार होगा।

एक नज़र समाचार पत्रों की सुर्खियों पर——

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कुवैत यात्रा को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता दी है। दैनिक जागरण की ख़बर है— भारत को मिला आतंकवाद के खिलाफ खाड़ी क्षेत्र के एक और देश का साथ। 43 साल बाद कुवैत जाने वाले पहले भारतीय पीएम मोदी को बड़ी उपलब्धि। इसी ख़बर पर अमर उजाला का शीर्षक है— भारत—कुवैत रणनीतिक साझेदारी की राह पर बढ़े, रक्षा क्षेत्र में करेंगे सहयोग।

राजधानी को मिली 188 करोड़ रुपए की 74 योजनाओं की सौगात। इस शीर्षक के साथ नवादेय टाइम्स की ख़बर है— शहर में बनेगी दो ऑटोमेटेड और एक भूतल पार्किंग। बाल भिक्षावृत्ति निवारण को तीन रेस्क्यू एवं पुनर्वास वाहनों को सीएम ने किया फ्लैग ऑफ। इस ख़बर पर मुख्यमंत्री के हवाले से अमर उजाला लिखता है— दून आदर्श शहर की तरह विकसित होगा।

दैनिक जागरण ने नई दिल्ली के जंतर मंतर में धरना देते उत्तराखंडी मूल निवासियों की ख़बर को स्थान देते हुए लिखा है— जल, जंगल और जमीन बचाने के लिए एकजुट होने का आह्वान। समाचार पत्र के अनुसार, धरना देने वालों ने पर्वतीय क्षेत्र को जनजातीय घोषित कर संविधान की पांचवी अनुसूची में शामिल करने की मांग की।

मौसम की ख़बर पर हिंदुस्तान समाचार पत्र लिखता है— साल की विदाई पर बर्फबारी के आसार, उत्तराखंड में आज से करवट बदल सकता है मौसम।

पर्यावरण उत्पाद सूचकांक— जीईपी का मानक तय होने के बाद अब आगे की कवायद शुरू हो गई है। इस समाचार पर अमर उजाला का शीर्षक है— जीईपी सेल राज्य में पर्यावरणीय बदलाव पर रखेगा नजर, शासन को स्थितियों का आकलन कर देगा सुझाव, कई विभाग के अधिकारी होंगी शामिल।